# शोपीस बनी निगम की स्ट्रीट लाइट, अंधेरे में वार्ड



कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में लगी स्ट्रीट लाइट

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में रोशनी के लिए लगाई गई स्ट्रीट लाइट केवल शो-पीस बनकर रह गई है। नतीजा, रात के अंधेरे में आमजन का आवागमन करना भी मुश्किल हो गया है। शिकायत के बाद भी नगर निगम स्थिति को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। सबसे अधिक परेशानी जंगल से सटे वार्डों में बनी हुई है। तीन वर्ष पूर्व नगर निगम ने 48 लाख की लागत से वाडी में दो हजार स्ट्रीट लाइट लगवाई गई थी। स्ट्रीट लाइट लगने के कुछ दिन तो वार्डों में खूब रोशनी रही। लेकिन, वर्तमान में अधिकांश स्ट्रीट लाइट शोपीस बन चुकी है। ऐसे में वार्डों में चारों ओर अंधेरा छाया रहता है। रात के समय लोगों का सड़क पर गलियों में चलना भी मुश्किल हो जाता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर निगम बेहतर विकास के दावे कर रहा है। लेकिन, एक स्ट्रीट लाइट तक ठीक नहीं करवाई जा रही है। निगम की कई स्ट्रीट लाइट तो सुबह के समय प्रकाश फैलाती हैं और रात के अंधेरे में बंद हो जाती हैं।

जगंली जानवरों का खतरा

जंगल से सटे लालपानी, रामपुर, सनेह, ध्रुवपुर, ग्रास्टनगंज, गिवईस्त्रोत, सिगड्डी, झंडीचौड़ क्षेत्र में लाइट खराब होने से जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। कई बार जंगली जानवर रात के अंधेरे में मार्ग पर आ धमक जाते हैं। बावजूद इसके नगर निगम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। यही नही वार्ड में कई स्थानों पर आस-पास दो-तीन लाइटें लगी हुई हैं, जबकि जिन जगहों पर सबसे अधिक अंधेरा है, वहां पर लाइट नहीं लगाई गई हैं।

## निराश्रित गोवंश के संरक्षण की उठाई मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः भाबर क्षेत्र के काश्तकारों ने सड़क पर घूम रहे निराश्रित गोवंश के संरक्षण की मांग की है। कहा कि रात के अंधेरे में गोवंश खेतों में पहुंचकर काश्तकारों की सफल को बर्बाद कर रहे हैं। वहीं, गोवंश राहगीरों के लिए भी एक चुनौती बनते जा रहे हैं।

इस संबंध में काश्तकारों ने महापौर शैलेंद्र सिंह रावत को ज्ञापन दिया। बताया कि कई लोग गोवंश को सड़क पर बेसहारा छोड़ देते हैं। नतीजा, सड़क पर गोवंश की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है। एक ओर जहां गोवंश राहगीरों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। वहीं, यह काश्तकारों की फसल को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। शाम ढ़लते ही गोवंश काश्तकारों के खेतों में घुस जाते हैं। ऐसे में काश्तकार रात के समय भी फसल की रखवाली के लिए मजबूर हो रहे हैं। बताया कि कुछ सप्ताह पूर्व गोवंश ने बलासौड़ मार्ग पर एक व्यक्ति पर हमला कर दिया था। इस तरह की घटनाएं आय दिन सामने आ रही हैं। कहा कि जनता के हित को देखते हुए निराश्रित गोवंश के संरक्षण पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इस मौके पर महेश रावत, ललिता देवी, पुष्पा देवी, इंदू नेगी आदि मौजूद रहे।

# कोटद्वार में जंगल से सटे मार्गों पर गुलदार की धमक, सावधानी से करें सफर



कोटद्वार में कण्वाश्रम मार्ग पर हाथी सुरक्षा दीवार के ऊपर बैठे गुलदार

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** कोटद्वार व आसपास के क्षेत्रों में जंगल से सटे मार्गों पर गुलदार की धमक बनी हुई है। कुछ दिन पूर्व गुलदार कण्वाश्रम के समीप घूमता हुआ दिखाई दिया। ऐसे में उक्त मार्गों से रात के समय सफर करने वालों को सावधानी बरतनी होगी। कुछ दिन पूर्व गुलदार का हाथी सुरक्षा दीवार के ऊपर घूमता हुआ एक वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ था।

कोटद्वार व आसपास का अधिकांश क्षेत्र लैंसडौन वन प्रभाग के जंगलों से घिरा हुआ है। यही कारण है कि मार्ग पर जंगली जानवरों की धमक बढ़ जाती है। वर्षा काल के दौरान घराट के जंगलों से निकलकर गुलदार आबादी के भीतर तक पहुंच रहा था। आबादी में अधिकांश पालतू कुत्तों को गुलदार ने अपना निवाला बना दिया था। यही नहीं, मानपुर चौराहे तक गुलदार की धमक बनी हुई थी। लेकिन, वर्षाकाल के बाद गुलदार की धमक आबादी में थम गई थी। ऐसे में आजकल फिर गुलदार जंगल के आसपास सड़क पर दिखाई देने लगा है। तीन दिन पूर्व कार सवार युवकों को घराट पुल से करीब दो किलोमीटर आगे कण्वाश्रम की ओर गुलदार घूमता हुआ नजर आया। वहीं, इंटरनेट मीडिया पर गुलदार का एक वीडियो जारी हो रहा है। ऐसे में आमजन को सावधान रहने की आवश्यकता है।

# अग्निवीरों के लिए डिप्लोमा कोर्स शुरू, ऑनलाइन पंजीकरण 25 तक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** अग्निवीरों के लिए हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय ने डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू कर दिया है। गढ़वाल राइफल्स के अग्निवीर बैच एवी-08 के प्रशिक्षु डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए आनलाइन पंजीकरण 25 अप्रैल तक कर सकते हैं।

सभी पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से पूरा करने को विवि की ओर से कहा गया है। इस संबंध गढ़वाल विश्वविद्यालय ने आदेश भी जारी किया है। दरअसल एचएनबीजीयू एवं गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर (जीआरआरसी), लैंसडाउन के बीच पूर्व में अग्निवीरों को कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ था। समझौते के तहत विवि द्वारा अग्नवीरो के लिए विशेष पाठ्यक्रम भी तैयार किया गया है, अब इस डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार, यह पंजीकरण प्रक्रिया 04 अप्रैल से 25 अप्रैल तक संचालित होगी। सभी पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से पूरा करने को कहा गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने जीआरआरसी, लैंसडाउन के संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि पंजीकरण प्रक्रिया को एमओयू की शर्तों तथा विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप ही पूर्ण कराया जाए।

## कर्णप्रयाग में दो घंटे तक हुई बारिश

कर्णप्रयाग , रविवार सुबह धूप खिली लेकिन दोपहर बाद मौसम बदला। कर्णप्रयाग एवं आसपास दोपहर करीब साढ़े बारह बजे से ढाई बजे तक तेज बारिश हुई। स्थानीय रमेश ने बताया कि बारिश के कारण अप्रैल माह में भी नवंबर जैसा एहसास रहा। वहीं बारिश से सिमली रोड किनारे के दुकानदारों को भी परेशानी उठानी पड़ी। सड़क का ढलान दुकानों की ओर और नालियां बंद होने से बारिश का पानी दुकानों में घुस गया। वहीं गैरसैंण में पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर दो बजे तक नगर सहित विधानसभा परिसर भराड़ीसैंण, सारकोट, परवाड़ी, घंडियाल , महरगांव, पज्याणा डुंग्री मठकोट, अंद्रपा, कूंजापाणी में जमकर बारिश हुई।

## रोशनी से जगमग हुआ आदिबदरी मंदिर समूह

चमोली। मंदिर समूह में पुरातत्व विभाग ने लाइटें लगा दी हैं। लाइटें लगने से अब मंदिर समूह रात में दूधिया रोशनी से जगमग हो गया है और आकर्षण का केंद्र बना है।

बीते अक्तूबर माह में भारतीय पुरातत्व विभाग के डीजी (महानिदेशक) यदुवीर सिंह रावत ने यहां पहुंचकर मंदिर समूह व चांदपुर गढ़ी का निरीक्षण किया था। डीजी ने अधीनस्थ अधिकारियों को दोनों स्थानों पर व्यवस्थाएं ठीक करने व विशेष सुविधाएं जुटाने को कहा था। अब पुरातत्व विभाग ने मंदिरों में लाइटें लगा दी हैं। पुरातत्व विभाग के सीए प्रमोद सेमवाल ने बताया कि मंदिर परिसर में पांच से अधिक बड़ी लाइटें, सभी मंदिरों और गढ़वाल कीर्तन मंडप में प्रकाश व्यवस्था का काम पूरा हो चुका है।

# हड़ताल पर इंजीनियर, करोड़ों बजट लैंप्स होने की कगार पर

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** सहायक अभियंताओं के वेतन बढ़ोत्तरी, पुरानी पेंशन बहाली, कार्यरत इंजीनियरों को दुर्घटना बीमा करवाने सहित 27 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ की हड़ताल जारी है। इंजीनियरों की हड़ताल के कारण विभागीय कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। हालात यह है कि इंजीनियरों की हड़ताल के कारण करोड़ों का बजट लैप्स होने के कगार पर पहुंच गया है।



कोटद्वार में सिंचाई विभाग के विश्राम गृह परिसर में प्रदर्शन करते डिप्लोमा इंजीनियर

जिलाध्यक्ष कौशिद अली के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, नलकूप खंड, पीएमजीएसवाई सहित विभिन्न विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस परिसर में एकत्र हुए और शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष कौशिद अली ने कहा कि डिप्लोमा इंजीनियर विगत कई वर्षों से सहायक अभियंताओं की वेतन बढ़ोत्तरी, पुरानी पेंशन बहाली सहित 27 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन, शासन-प्रशासन की तरफ से मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है, जिसके कारण डिप्लोमा इंजीनियरों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में जनपद में अकेले लोक निर्माण विभाग के नौ डिवीजनों में लगभग एक हजार करोड़ के डामरीकरण के कार्य होने हैं। लेकिन, डिप्लोमा इंजीनियरों की हड़ताल से समस्त कार्य बाधित हैं। अन्य माध्यमों से जो भी कार्य करवाए जा रहे हैं, उनकी गुणवत्ता में गिरावट आना तय है। कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर संतोष भारद्वाज, अशोक ध्यानी, संतोश लखेड़ा, राहुल राणा, उमेश घिल्डियाल, विपिन धूलिया, अजीत सिंह, संदीप कुमार, अशीष थपलियाल, प्रमोद नेगी, गौरव शर्मा, नाहिद अहमद मौजूद रहे।

## गढ़वाली फिल्म 'असंद ऐगी' की शूटिंग जारी

श्रीनगर गढ़वाल। भागीरथी कला संगम के बैनर तले एमजी फिल्म यूट्यूब चैनल के लिए गढ़वाली शॉर्ट फिल्म 'असंद ऐगी' की शूटिंग इन दिनों पौड़ी जिले के आसपास के क्षेत्रों में हो रही है। फिल्म वर्तमान समय में गैस किल्लत और उससे जूझ रहे आम लोगों की समस्याओं पर आधारित है। फिल्म के निर्देशक मदन गड़ोई ने बताया कि गैस की समस्या जरूर बनी हुई है लेकिन ऐसे समय में लोगों को धैर्य बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी विषय को केंद्र में रखकर फिल्म की कहानी तैयार की गई है जो दर्शकों को जरूर पसंद आएगी। फिल्म में मुकेश नौटियाल, राजेंद्र बड़थ्वाल, शशि बिष्ट, धर्मेंद्र, ममता, विजय लक्ष्मी, जितेंद्र और अरुण कुमार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। स्थानीय स्तर पर बन रही यह फिल्म न केवल मनोरंजन करेगी बल्कि समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश भी देने का प्रयास करेगी।

## रामलीला मैदान में मनाई जाएगी डॉ. आंबेडकर की जयंती

श्रीनगर गढ़वाल। भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को रामलीला मैदान में मनाई जाएगी। रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष सुरेश मुयाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि उक्त तिथि को सुबह 10 बजे रामलीला मैदान में कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। इसके बाद भव्य शोभायात्रा सहित कई कार्यक्रम होंगे।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षकों ने निकाली रैली

रुद्रप्रयाग। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षक संगठनों ने जिला मुख्यालय में संयुक्त रूप से बैठक की फिर धरना–प्रदर्शन कर रैली निकाली। शिक्षक संगठनों की नगरपालिका परिसर में हुई सामूहिक बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार को पुरानी पेंशन बहाली की मांग जल्द पूरी करनी चाहिए। यदि मांग जल्द पूरी नहीं की गई तो आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। बैठक के बाद शिक्षकों ने सांकेतिक प्रदर्शन कर धरना दिया और सामूहिक रैली निकालकर सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। रैली में शिक्षक संगठनों के विभिन्न पदाधिकारियों में विक्रम सिंह झिकवान, मनवीर सिंह रावत और पीएल आर्य आदि मौजूद थे।

# 11 अप्रैल को कोटद्वार में होगा पासपोर्ट कार्यालय का शुभारंभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कोटद्वार व आसपास के लोगों व युवाओं को अब पासपोर्ट बनवाने के लिए देहरादून के चक्कर नहीं काटने पड़ेगे। यदि सभी कुछ योजना अनुरूप रहा तो 11 अप्रैल को सांसद अनिल बलूनी पासपोर्ट कार्यालय का उद्घाटन कर देंगे। इसके साथ ही कोटद्वार में पासपोर्ट बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा। जिससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

बताते चलें कि कोटद्वार में पासपोर्ट केंद्र शुरू न होने के कारण कोटद्वार व आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को पासपोर्ट बनवाने के लिए देहरादून के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। क्षेत्रीय जन की मांग पर सांसद अनिल बलूनी के प्रयासों से बीते वर्ष केंद्र से कोटद्वार में पासपोर्ट सेवा केंद्र को स्वीकृति मिली।

केंद्र से मिली स्वीकृति के बाद भारतीय डाक विभाग की कोटद्वार शाखा की ओर से पासपोर्ट केंद्र के लिए स्थल की तलाश शुरू कर दी गई। तहसील परिसर में पासपोर्ट केंद्र के लिए भवन मिल गया। प्रशासन ने जिला विकास प्राधिकरण के भवन के दो कमरों का जीर्णोद्धार




कर वहां पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित कर दिया गया। साथ ही नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में यह भवन को डाक विभाग के सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद पासपोर्ट सेवा केंद्र में जरूरी उपकरण स्थापित कर किए गए व बीते मार्च माह में केंद्र में ट्रायल कर दिया गया। ट्रायल के दौरान दस युवाओं के पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया की गई। अब पासपोर्ट सेवा केंद्र को विधिवत शुरू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कुछ दिन पूर्व अधिकारियों की टीम ने भी केंद्र का निरीक्षण किया था। बताया गया कि संभवतः 11 अप्रैल को सांसद अनिल बलूनी केंद्र का उद्घाटन करें और केंद्र में पासपोर्ट बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाए।

## लाटू मंदिर में चढ़ावे के तौर पर बकरी लाने पर रोक

चमोली(आरएनएस)।मंदिर समिति व ग्राम पंचायत वाण की बैठक में लाटू देवता मंदिर में सदियों से चल रही बकरी के चढ़ावे की प्रथा को प्रतिबंधित कर दिया गया है। लाटू देवता मंदिर में इस बार से चढ़ावे के रूप में बकरी नहीं लाई जाएगी। लाटू मंदिर के कपाट वैशाख पूर्णिमा एक मई को खुलेंगे। इसके लिए समिति और ग्रामीणों ने तैयारी शुरू कर दी है। लाटू देवता मंदिर के कपाट खुलने व बंद होने के अवसर पर श्रद्धालु यहां पर चढ़ावे के रूप में बकरी लाते हैं। मगर इस बार वाण के ग्रामीणों ने मंदिर में चढ़ावे के रूप में बकरी देने पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाण की ग्राम प्रधान नंदुली देवी व क्षेपंस हेमा देवी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा गया कि मंदिर के कपाट खुलने पर मंदिर में अनुष्ठान होगा। बताया गया कि वैशाख की पूर्णिमा एक मई को मंदिर के कपाट खुलेंगे। बैठक में लाटू मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्णा सिंह, व्यापार संघ अध्यक्ष हीरा बुग्याली, खिलाप सिंह, हीरा पहाड़ी, हीरा गढ़वाली, अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, अवतार सिंह, ममंद अध्यक्ष नंदी देवी, हयात सिंह, सुरेंद्र सिंह और सरस्वती देवी आदि शामिल रहे।

# पूर्व सैनिकों ने आर्मी पब्लिक स्कूल को हराया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट सेंटर की ओर से आयोजित गढ़वाल कप मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता में पूर्व सैनिकों का दबदबा देखने को मिला। प्रतियोगिता में पर्व सैनिकों ने आर्मी पब्लिक स्कूल को हराया।

मुख्य अतिथि गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य वीर पूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करना और युवा पीढ़ी के साथ उनके संबंधों को प्रगाढ़ करना है। प्रतियोगिता में कुल 32 पूर्व सैनिकों की दो टीमें और आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन की टीम ने भाग लिया। पहले 32 पूर्व सैनिकों की टीमें मैत्रीपूर्ण मैच में आमने-सामने रहीं। विजयी टीम का मुकाबला आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन की युवा टीम के साथ खेला गया। निर्धारित एवं अतिरिक्त समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं।

पेनल्टी शूटआउट में पूर्व सैनिकों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। पूर्व सैनिकों के जज्बे की सराहना करते हुए उन्होंने छात्रों से उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन रेजिमेंटल जयघोष के साथ हुआ।

# महिलाओं ने लगाया अभद्रता का आरोप, एसपी टिहरी से सुरक्षा की गुहार

पौड़ी।तीर्थनगरी में शराब की दुकान के विरोध में महिलाओं का संघर्ष लगातार जारी है। रविवार को उनका क्रमिक अनशन 22वें दिन में प्रवेश कर गया। इस बीच आंदोलन को कमजोर करने के लिए शराब कारोबारियों की शह पर महिलाओं पर फब्तियां कसने और गाली–गलौज किए जाने की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। आंदोलन का नेतृत्व कर रही जिला पंचायत सदस्य पुष्पा रावत ने पुलिस अधीक्षक टिहरी श्वेता चौबे को पत्र लिखकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों पर अविलंब कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुष्पा रावत ने आरोप लगाया कि शराब ठेकेदार गौरव डोभाल और उसके कर्मचारी आंदोलन को तोड़ने के लिए अनैतिक हथकंडे अपना रहे हैं। अनशन स्थल के समीप रहने वाली महिलाओं और राहगीरों पर शराबी फब्तियां कस रहे हैं और अशोभनीय हरकतें की जा रही हैं। सार्वजनिक वाहनों और रास्तों पर खुलेआम शराब पीकर महिलाओं पर सिगरेट का धुआं छोड़ने जैसी शिकायतें भी सामने आई हैं। आंदोलनकारियों कहा कि पुलिस प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए तो सक्रिय रहती है लेकिन हुड़दंगियों और सार्वजनिक स्थानों पर मांस–मदिरा का सेवन करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए क्षेत्र में तत्काल सीसीटीवी कैमरे लगाने और कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को दंडित करने की मांग की। मांगपत्र पर जिला पंचायत सदस्य पुष्पा रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य सीताराम रणाकोटी सहित जगदंबा देवी, ऊषा देवी, सुनीता देवी, विमला, शाकम्बरी भवानी, प्रतिमा कैलाशी, सुआ देवी, भद्धू देवी, सरस्वती, सुरेखी और कमला आदि के हस्ताक्षर हैं।

## मांडाकोटी के पास नदी में खनन का विरोध

पौड़ी। विकास खंड के ग्राम पंचायत घिल्डियाल गांव के ग्रामीणों ने मांडाकोटी के समीप अलकनंदा नदी में खनन का विरोध किया। रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अलकनंदा नदी के तट पर पहुंचकर खनन कार्य पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि नदी तट पर खनन से उनके गांव सहित आसपास की बस्तियों को खतरा हो रहा है। साथ ही चारापत्ती का संकट भी हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में खनन पर रोक लगाने की मांग की। ग्राम प्रधान मंजू देवी रावत ने बताया कि सोमवार को खनन के विरोध में एसडीएम कीर्तिनगर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिरा, चालक की मौत

पौड़ी। ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे पर महादेव चट्टी के पास एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर करीब 300 मीटर नीचे खाई में जा गिरा। हादसे में चालक की मौत हो गई। बारिश और ओले गिरने के कारण ट्रक अनियंत्रित होने की आशंका है। बछेलिखाल चौकी प्रभारी दीपक लिंगवाल ने बताया कि रविवार सुबह महादेव चट्टी स्थित एक ढाबा संचालक ने वाहन दुर्घटना की सूचना दी थी। इस पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया। घटनास्थल पर कबाड़ से भरा ट्रक खाई में गिरा दिखा। संयुक्त टीम ने खाई में उतरकर तलाशी ली तो मौके पर चालक का शव मिला। ट्रक से मिले आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान शीशपाल (56) निवासी अलीगढ़, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। पुलिस ने शव खाई से बाहर निकाला। पुलिस ने



वाहन स्वामी और मृतक की पत्नी मनीषा से संपर्क किया तो पता चला कि शीशपाल वर्तमान में लोनी में रह रहा था और श्रीनगर से कबाड़ लेकर लौट रहा था। मनीषा ने बताया कि शनिवार रात करीब ग्यारह बजे उसकी पति से आखिरी बार बात हुई थी। उन्होंने क्षेत्र में तेज बारिश और ओले गिरने की बात कही थी।

# टिहरी झील में 20 राज्यों के 500 पुलिस खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

नई टिहरी। टिहरी बांध की झील एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर के बड़े खेल आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर प्रतियोगिता के आयोजन के लिए झील को पूरी तरह तैयार किया जा रहा है। आठ अप्रैल से शुरू होकर पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में देश के करीब 20 राज्यों से 500 से अधिक पुलिस खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ आठ अप्रैल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की पहल पर कोटीकॉलोनी में 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर का आयोजन किया जा रहा है। आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट बलविंदर सिंह के



अनुसार आठ से 12 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में रोईंग, कयाकिंग और कैनोइंग की रोमांचक जल क्रीड़ा मुकाबले आयोजित होंगे। प्रतियोगिताओं में विभिन्न राज्यों की पुलिस टीमों के साथ–साथ सीआरपीएफ, एसएसबी और आईटीबीपी की टीमें भी भाग लेंगी। प्रतियोगिता के लिए देशभर के खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। खिलाड़ियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था टिहरी झील क्षेत्र में कराई जा रही है। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने भी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सुरक्षा, यातायात, आवास, चिकित्सा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर योजना बनाई गई है। ऑल इंडिया पुलिस वाटर स्पोर्ट्स क्लस्टर का शुभंकर भी जारी कर दिया गया है। टिहरी झील पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जलक्रीड़ा आयोजनों की मेजबानी कर चुका है लेकिन इस बार बड़े स्तर पर पुलिस बलों के खिलाड़ियों की भागीदारी इसे और खास बनाने जा रही है।

## साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर किया सतर्क

रुद्रप्रयाग। जनपद पुलिस के अभियान प्रहरी पड़ाव के तहत भटवाड़ी और गहुड्डू में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। घोलतीर चौकी प्रभारी जयवीर सिंह रावत ने भटवाड़ी और चोपता चौकी प्रभारी मुकेश डिमरी ने हुड्डू गांव में रात्रि चौपाल लगाई। इस दौरान पुलिस ने साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को लेकर लोगों को सतर्क किया और अनजान कॉल, लिंक व डिजिटल लेनदेन में सावधानी बरतने को कहा। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गौरा शक्ति ऐप और अन्य हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। गांवों में किरायेदार सत्यापन, बाहरी व्यक्तियों की निगरानी और यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया गया।

# सार्वजनिक समारोहों में शराब पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

नई टिहरी। ग्राम पंचायत जड़धार में आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने सार्वजनिक समारोहों में शराब नहीं परोसने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। निर्णय का उल्लंघन करने वालों से ग्राम पंचायत अर्थदंड वसूल करेगी। चंबा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जड़धार गांव में ग्राम प्रधान धनवीर सिंह जड़धारी की अध्यक्षता में आम बैठक संपन्न हुई। जिसमें उपस्थित महिलाओं ने चिंता जताते हुए कहा कि शराब का प्रचलन बढ़ने से गांव का सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। इससे सर्वाधिक युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। इसलिए गांव में सार्वजनिक रूप से शराब परोसना उचित नहीं है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब गांव में किसी भी शादी, मुंडन, जन्मदिन पार्टी आदि सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब परोसने पर रोक रहेगी। यदि कोई व्यक्ति नियम का उल्लंघन करता है और सार्वजनिक समारोह में शराब परोसता पाया जाता है तो उस पर 51 हजार का जुर्माना वसूला जाएगा।

महिला मंगल दल और गांव के अन्य लोगों ने इस निर्णय को सख्ती से लागू कराने की जिम्मेदारी ली है।

## एक नजर

### गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा के लिए जिम्मेदारियां सौंपी

चमोली। रविवार को उमट्टा गांव में डिम्मर–उमट्टा धार्मिक पंचायत की बैठक हुई। इस दौरान सात अप्रैल से शुरू होने वाली गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा में पड़ने वाले पड़ावों पर पूजा व्यवस्था, बालभोग, दोपहर व सायंकालीन भोग सहित अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। डिम्मर–उमट्टा धार्मिक पंचायत के उप सरपंच आशीष डिमरी और मंत्री मुकेश डिमरी ने बताया कि गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए 15 पंचों एवं पंचायत के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। 6 अप्रैल को डिम्मर–उमट्टा से पुजारियों का दल नरेंद्रनगर राजमहल के लिए प्रस्थान करेगा। बैठक में डिम्मर, उमट्टा, जयकंडी, उत्तरों लंगासू, सिरतोली नाकोट, गोपथला, राड़खी, मजियाड़ी, नौली आदि गांवों के डिमरी पुजारी मौजूद थे।

### गौंख गांव तक पैदल मार्ग के मरम्मत की मांग

चमोली।ज्योतिर्मठ से गौंख गांव तक के पैदल मार्ग की मरम्मत करवाने की मांग स्थानीय लोगों ने की। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और नगर पालिका ज्योतिर्मठ को इसके लिए निर्देशित करने की मांग की। गौंख विकास संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इंदिरा प्वाइंट से गौंख को जोड़ने वाला पैदल मार्ग बदहाल हो गया है। इससे ग्रामीणों को कृषि कार्य के लिए अपने खेतों तक जाने में दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। ज्ञापन देने वालों में अरुण कुमार शाह, लक्ष्मी, प्रदीप भट्ट, विराज बिष्ट, अनिल नंबूरी, राजेश भट्ट, भरत बिष्ट आदि लोग शामिल रहे।

### यात्रा के लिए श्रीनगर रोडवेज अलर्ट, छुट्टियां पर रोक

श्रीनगर गढ़वाल। आगामी चारधाम यात्रा को लेकर श्रीनगर रोडवेज ने तैयारियां तेज कर दी हैं। ऋषिकेश स्थित एजीएम कार्यालय से यात्रा को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के तहत यात्रा अवधि में किसी भी चालक और परिचालक को अवकाश नहीं दिया जाएगा। सभी की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं ताकि बस संचालन में कोई बाधा न आए। रोडवेज श्रीनगर के प्रभारी अशोक काला ने बताया कि केवल विशेष परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। बसों की स्थिति, समय संचालन और अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

### मिनी स्टेडियम पूरा नहीं होने पर गुस्सा

बागेश्वर। तहसील के धराडी गांव में मिनी स्टेडियम पूरा नहीं होने पर ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति जताई है। विरोध में ग्रामीाणों ने प्रदर्शन किया। कहा कि भूमि दान देने के बाद भी आज तक स्टेडियम पूरा नहीं हो रहा है। चेतावनी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि 48 लाख की लागत से नौ साल पहले स्टेडियम का निर्माण शुरू हो गया। कार्यदाई संस्था पेयजल निगम रानीखेत ने अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया है, जबकि गांव के माजिला बंधुओं ने 11 नाली भूमि दान की थी। मुख्यमंत्री, विधायक पूर्व विधायक,जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, क्रीड़ाधिकारी से कई बार गुहार लगाई, लेकिन आज तक पूरा नहीं हो पाया है। 92 वर्षीय पूर्व शिक्षक रूप सिंह माजिला ने बताया न यहां शौचालय है, न चेंजिंग रूम, न मैदान समतलीकरण और न ही सडक, पेयजल और बिजली की कोई व्यवस्था हो पाई है। क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को बेहतर नहीं मिल पा रहा है।

### ओलावृष्टि से तबाह हुई फसलें, किसानों को भारी नुकसान

बागेश्वर। शनिवार रात से रुक–रुक कर हो रही बारिश के बाद रविवार को मौसम ने अचानक विकराल रूप ले लिया। तेज आकाशीय बिजली और हवाओं के बीच कपकोट के ग्रामीण इलाकों में जमकर ओलावृष्टि हुई, जिससे खेतों में खड़ी रबी की फसलें गिर गईं और भारी नुकसान की आशंका है। ओलावृष्टि का सबसे ज्यादा असर गेहूं, सरसों, जौ और मसूर की फसलों पर पड़ा है।

# बदरीनाथ की ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी



चमोली। बदरीनाथ धाम की ऊंची चोटियों पर रविवार को बर्फबारी हुई जबकि बदरीनाथ धाम सहित निचले क्षेत्रों में बारिश से ठंड बढ़ गई है। वहीं लगातार हो रही बारिश से काश्तकारों की चिंताएं बढ़ गई हैं। रविवार को सुबह से मौसम बदला रहा। दोपहर बाद बदरीनाथ धाम में बारिश और ऊंची चोटियों में बर्फबारी शुरू हुई। हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी सहित अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई है। बदरीनाथ धाम में कई दिनों से रुक–रुककर बारिश हो रही है और कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इससे धाम में मास्टर प्लान के कार्य काफी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं निचले क्षेत्रों में भी शनिवार और रविवार को दोपहर बाद बारिश हुई है। कई दिनों से मौसम का मिजाज बदला होने से गोपेश्वर सहित आसपास के इलाकों में ठंड काफी बढ़ गई है। उधर लगातार हो रही बारिश से अब काश्तकार चिंतित होने लग गए हैं। पोखरी क्षेत्र के काश्तकार शिवराज राणा, देवेंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह, संदीप आदि का कहना है कि गेहूं, जौ की फसल पकने के कगार पर है। यदि बारिश का सिलसिला ऐसा ही रहा तो फसल पर इसका काफी बुरा असर पड़ेगा। साथ ही खेतों में नमी बढ़ने से धान की बुआई में भी दिक्कत आ सकती है। केदारनाथ, तुगनाथ व मद्महेश्वर में हुई बर्फबारीः ऊंचाई वाले हिमालयी क्षेत्रों में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। प्रसिद्ध शिव तीर्थ केदारनाथ, तुंगनाथ और मदमहेश्वर मंदिर क्षेत्रों में रविवार को भी बर्फबारी हुई जबकि निचले इलाकों में तेज से बारिश हुई है। केदारनाथ धाम में बर्फ की सफेद चादर बिछी है। निचले इलाकों में रुद्रप्रयाग, ऊखीमठ और आसपास के क्षेत्रों में बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है।

### जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज, 10 को मतदान

नई टिहरी। जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए सरगर्मियां तेज हो गई है। 10 अप्रैल को जिला बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए मतदान होगा। चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। आनंद प्रकाश सेमल्टी को चुनाव अधिकारी और अरविंद सिंह खरोला को सहायक चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय अध्यक्ष व आडिटर पद के लिए सात अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन होगा। नामांकन पत्रों की जांच 8 अप्रैल को होगी। अगले दिन 9 अप्रैल को अपराह्न 1 बजे से शाम 4 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

# चारधाम यात्रा पर रहेगी विशेष नजर : एसएसपी

नई टिहरी। जिले की नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने महिला सुरक्षा, सुदृढ़ कानून–व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, चारधाम यात्रा की सुचारू व्यवस्थाएं और नशे के खिलाफ प्रभावी अभियान को अपनी प्राथमिकता बताया। रविवार को पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में एसएसपी चौबे ने कहा कि जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया जाएगा। महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए ठोस रणनीति के तहत कार्य किया जाएगा। चारधाम यात्रा को देखते हुए पुलिस व्यवस्थाओं को पहले से अधिक चुस्त–दुरुस्त किया जाएगा। नशामुक्त टिहरी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए ड्रग्स पैडलरों और तस्करी के रूट्स पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। एसएसपी ने पुलिस–जन संवाद को सशक्त बनाने पर भी जोर देते हुए कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। पुलिस और जनता के बीच विश्वास भी मजबूत होगा। साइबर अपराधों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए गांवों में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इससे पूर्व एसएसपी ने पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया।

# आंधी से बिजली लाइन पर गिरा पेड़, 12 गांवों की आपूर्ति बंद



चमोली। रविवार को मौसम खराब रहा और बारिश हुई। आंधी चलने से निजमुला घाटी की बिजली लाइन पर एक पेड़ गिर गया जिससे घाटी के करीब 12 गांवों में बिजली सप्लाई बंद हो गई है। वहीं लगातार हो रही बारिश के कारण ऊर्जा निगम के कर्मचारी लाइन जोड़ने का काम शुरू नहीं कर पाए। रविवार अपराह्न क्षेत्र में बारिश शुरू हुई। इसी बीच मल्ला बिरही व टिटरी तोक के बीच चीड़ का एक सूखा पेड़ बिजली लाइन पर जा गिरा। इससे लाइन टूट गई है। सूचना पर ऊर्जा निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण लाइन को जोड़ने का काम शुरू नहीं हो पाया। हाइटेंशन लाइन टूटने से निजमुला घाटी के गाड़ी, ब्यारा, झींझी, निजमुला, पगना, पाणा, ईराणी, मौली हडूंग सहित करीब 13 गांवों में बिजली गुल हो गई। वहीं निचले क्षेत्रों में भी बिजली सप्लाई बंद हो गई थी जिसे चालू कर दिया गया है। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता प्रदीप शर्मा ने बताया कि बारिश थमने पर लाइन को जोड़ दिया जाएगा। निचले क्षेत्र में बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है।

### प्रावि जैली के छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण

रुद्रप्रयाग। राजकीय प्राथमिक विद्यालय जैली के छात्र–छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण कर धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों की जानकारियां हासिल की।

भ्रमण कार्यक्रम के तहत विद्यालय का 14 सदस्यीय दल तुंगेश्वर महादेव मंदिर त्यूंग पहुंचा यहां उन्होंने पूजा–अर्चना की और मंदिर का धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व जाना। इसके बाद दल सौर भूतनाथ धाम पहुंचा और डायरी लेखन व आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लिया। भ्रमण का अंतिम पड़ाव मंदाकिनी की आवाज सामुदायिक रेडियो केंद्र गड़सारी रहा। यहां विद्यार्थियों ने रेडियो प्रसारण की जानकारी लीं और अपनी कविताओं और लोकगीतों की रिकॉर्डिंग कराई।

# बिजली गिरने से रेस्टोरेंट में लगी आग, सिलिंडर फटने से हुई विकराल



चमोली–कुंड हाईवे पर मंडल में बिजली गिरने से एक रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई। रेस्टोरेंट पर ताला लगा हुआ था। यहां रखे गैस सिलिंडर के फटने से आग विकराल हो गई। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। आग से रेस्टोरेंट में रखा अधिकांश सामान जल गया। मंडल में जड़ी–बूटी शोध संस्थान के समीप एक रेस्टोरेंट स्थित है। पुलिस चौकी प्रभारी विपिन त्यागी ने बताया कि रविवार को अपराह्न करीब तीन बजे बारिश के दौरान बिजली गिरने से अचानक रेस्टोरेंट में आग लग गई। रेस्टोरेंट में सिलिंडर भी रखा था जो आग लगने से फट गया और आग विकराल हो गई। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस चौकी को दी। अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी गई जिस पर टीम दो वाहनों के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट स्थानीय मनीष नौटियाल का है और ऋषिकेश निवासी राजीव गुप्ता को किराये पर दिया गया है। इन दिनों रेस्टोरेंट बंद था। बताया कि प्रथम द्रष्टया बिजली गिरने के बाद रेस्टोरेंट में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की सूचना है। इसकी जांच भी की जा रही है। आग बुझाने में अग्निशमन अधिकारी नरेश सिंह, अनूप सिंह, यशवंत सिंह, पवन सिंह, अंकित सिंह, रश्मि आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन प्रहार का प्रहारः बागेश्वर पुलिस ने स्मैक तस्करी की कमर तोड़ी



बागेश्वर। उत्तराखण्ड में मादक पदार्थों के विरुद्ध चल रहे सघन अभियान ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत बागेश्वर पुलिस ने एक बार फिर अपनी सक्रियता और सतर्कता का परिचय देते हुए स्मैक तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र मेहरा के सख्त निर्देशों के अनुपालन में जनपदभर में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत एसओजी टीम ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध स्मैक (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार कर तस्करी के नेटवर्क पर प्रभावी चोट की है। घटना 04 अप्रैल 2026 की है, जब पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त हर्षित टम्टा उर्फ हरीश कुमार (उम्र 20 वर्ष), निवासी घटबगढ़ वार्ड, कोतवाली बागेश्वर को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 4.54 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जो क्षेत्र में फैल रहे नशे के कारोबार की गंभीरता को उजागर करती है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली बागेश्वर मेंाकफ संख्या 21/26 के तहत धारा 08/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली एसओजी टीम में उपनिरीक्षक जीवन सामन्त के नेतृत्व में कांस्टेबल रमेश सिंह, संतोष सिंह और भुवन बोरा शामिल रहे, जिन्होंने सूझबूझ और मुस्तैदी के साथ इस ऑपरेशन को सफल बनाया। गौरतलब है कि ऑपरेशन प्रहार के तहत बागेश्वर पुलिस लगातार नशे के अवैध कारोबार पर शिकंजा कस रही है। यह कार्रवाई न केवल अपराधियों के लिए सख्त संदेश है, बल्कि समाज में नशामुक्ति की दिशा में पुलिस की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

### नगर में चलाया स्वच्छता अभियान

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा की तैयारियों के तहत मुख्य बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कचरा हटाने के साथ ही नालियों की सफाई भी की गई। मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में बाजार क्षेत्र से ठोस कचरा एकत्र कर उसका निस्तारण किया गया। इस दौरान व्यापारियों और लोगों को कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष गुप्तकाशी विशेश्वरी देवी, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष गुप्तकाशी विशेश्वरी देवी, पार्षद गुप्तकाशी गौरव रावत, व्यापार संघ अध्यक्ष गुप्तकाशी चुन्नी लाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संसाधनों के अभाव में जूझ रहा है बालगंगा महाविद्यालय

नई टिहरी। बालगंगा महाविद्यालय में कक्षा–कक्षों और प्रयोगशालाओं का अभाव छात्र–छात्राओं के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। हर साल बढ़ती छात्रसंख्या के बावजूद संसाधनों का विस्तार नहीं होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वर्तमान में महाविद्यालय में करीब 700 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं। कक्षा–कक्ष और प्रयोगशालाओं की संख्या 15 तक ही सीमित रह गई है। महाविद्यालय में सबसे अधिक दिक्कत विज्ञान संकाय के छात्रों को हो रही है। प्रयोगशालाओं के अभाव में छोटे–छोटे कमरों में ही प्रयोगात्मक कार्य कराए जा रहे हैं। जिससे पढ़ाई की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। भिलंगना टिहरी जिले का सबसे बड़ा विकासखंड है जहां 180 ग्राम पंचायतें आती हैं। उच्च शिक्षा के लिए यही एकमात्र संस्थान है। वर्ष 1991 में क्षेत्रीय लोगों ने अपने संसाधनों से सेंदुल में निजी भवन पर महाविद्यालय की स्थापना की थी। बाद में छात्रसंख्या बढ़ने पर ग्रामीणों ने 50 नाली भूमि दान में दी, जिसके बाद बालगंगा शिक्षा प्रसार समिति ने वर्ष 2001 में भवन निर्माण कराया। वर्ष 2015–16 में महाविद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू होने के बाद छात्र संख्या में तेजी से वृद्धि हुई लेकिन आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उस अनुपात में नहीं हो सका। स्थानीय लोगों की मांग पर टीएचडीसी ने एक तीन मंजिला भवन स्वीकृत किया गया था, लेकिन दो वर्ष पूर्व पहली मंजिल का निर्माण पूरा होने के बाद शेष कार्य अधूरा पड़ा है।

# ई–रिक्शा के हर चौराहे पर मनमाने स्टॉपेज, बढ़ रहा खतरा



हल्द्वानी। शहर की सड़कों पर ई–रिक्शा अब सुविधा से ज्यादा अव्यवस्था और खतरे का पर्याय बनते जा रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि शायद ही कोई दिन गुजरता हो जब ई–रिक्शा से जुड़ी दुर्घटना की खबर सामने न आती हो। नियमों की खुलेआम अनदेखी, अवैध स्टैंड और मनमाने स्टॉपेज ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से चरमरा दिया है। रामपुर रोड स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल के पास रोजाना लगने वाला अवैध ई–रिक्शा स्टैंड जाम का बड़ा कारण बना हुआ है। यहां सड़क पर ही खड़े ई–रिक्शा न केवल ट्रैफिक को बाधित करते हैं, बल्कि एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं के लिए भी परेशानी खड़ी करते हैं।मुखानी चौराहे पर स्थिति और भी गंभीर है, जहां नो–पार्किंग जोन में ही ई–रिक्शा चालक सवारियां भरते नजर आते हैं। इससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। वहीं नैनीताल रोड के एमबी तिराहे पर ई–रिक्शा चालक रॉन्ग साइड से वाहन निकालते हैं, जो कभी भी बड़े हादसे की वजह बन सकता है।जगदंबा नगर में मोड़ पर बना अवैध ई–रिक्शा स्टैंड जाम और दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। इसी तरह कालाढूंगी रोड पर सवारी पकड़ने की होड़ में चालक नियमों को ताक पर रखकर कहीं भी वाहन रोक देते हैं। शहर की सड़कों पर ओवरलोडिंग भी आम बात हो गई है, जिससे ई–रिक्शा असंतुलित होकर हादसे का शिकार हो सकते हैं।– लगातार बिगड़ती व्यवस्था पर आरटीओ गुरदेव सिंह ने कहा कि ई–रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और व्यवस्था सुधारने के लिए जल्द ही प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

### जैम फैक्ट्री में 25 लाख से लगाया कंपोस्ट प्लांट

काशीपुर। जवाहर नगर की बंद जैम फैक्ट्री में निगम ने 25 लाख रुपये से कंपोस्ट प्लांट लगाया। घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले एक मिट्रिक टन गीले कूड़े से यहां कंपोस्ट खाद बनाई जाएगी, जिससे कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है।नगर निगम घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले सूखे और गीले दोनों कूड़े को ट्रेंचिंग ग्राउंड में जमा करता है, जिससे यहां कूड़े के पहाड़ जमा हो गए हैं। इसके समाधान के लिए नगर निगम ने कवायद शुरू की है। गीले कूड़े से कंपोस्ट खाद बनाने के लिए जवाहर नगर की बंद जैम फैक्ट्री में पच्चीस लाख रुपये की लागत से कंपोस्ट प्लांट लगा दिया गया है। बंद पड़ी फैक्ट्री की जमीन को पहले ही नगर निगम ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# छात्राओं ने नंदा देवी राजजात गीत, राजस्थानी नृत्य की दी प्रस्तुति




रुद्रप्रयाग। ब्लॉक अगस्त्यमुनि के राजकीय प्राथमिक विद्यालय चमस्वाड़ा की स्थापना वर्ष 1965 में हुई थी। मगर इस बार पहली बार स्कूल के वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वीर सैनिकों की शौर्य दीवार पर पुष्पांजलि के साथ हुई। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने नंदा देवी राजजात गीत, राजस्थानी नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता और एकल प्रस्तुतियां दीं। स्कूल प्रबंधन समिति का झुमैलो नृत्य भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर ग्राम के पूर्व प्रधानों और वर्तमान जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सम्पन्न सिंह नेगी ने विद्यालय के लिए चहारदीवारी निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने और लगभग ढाई लाख रुपये देने की घोषणा की। नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सहयोग का भरोसा दिया। कार्यक्रम में कक्षा 5 पास करने वाले 9 छात्र–छात्राओं और पूर्व विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका पूनम भट्ट ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान संपन्न सिंह नेगी, संतोष रावत, त्रिभुवन चौहान, यशवंत सिंह बुटोला, मनोज रावत, दशरथ सिंह, भरत सिंह नेगी, लक्ष्मण बुटोला आदि सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और ग्रामीण मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने दिया ब्लॉक आंदोलन को समर्थन




बागेश्वर। ब्लॉक की मांग को लेकर कालिका मंदिर में महातपस्या के तहत 14वें दिन क्रमिक अनशन जारी रहा। आंदोलन को कांग्रेस ने अपना समर्थन दिया। पूर्व शिक्षक नेता गिरधारी सिंह रावत, ग्राम प्रधान भेट नंद राम तथा राजेंद्र बोरा अनशन पर बैठे। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि ब्लॉक की मांग को लेकर उनका आंदोलन जारी है वह आगे भी जारी रहेगा। पूर्व सांसद कांग्रेस नेता प्रदीप टम्टा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट आदि ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। अध्यक्षता भूतपूर्व सैनिक बलवीर सिंह भंडारी ने की। इस मौके पर दरपान सिंह धपोला, पंकज कुमार, विनोद कुमार, गणेश कुमार, अर्जुन माजिला, मनीष पंत, भैरवदत्त चंदोला, अनिल चंदोला, गंगा लाल वर्मा, वीरेंद्र नगरकोटी, प्रकाश नगरकोटी, निर्मल साह आदि मौजूद रहे।

### रमनगर में आधार केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग

काशीपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत ने रामनगर तहसील मुख्यालय में नैनीताल के अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी एवं उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान से भेंट कर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग पत्र में रामनगर में आधार सेवा केंद्र की व्यवस्था को सुचारू करने और आधार केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग की गई। इसके साथ ही जिला प्रशासन से मोहल्ला पंपापुरी, भरतपुरी, कौशल्यपुरी एवं दुर्गापुरी के नियमितीकरण की प्रक्रिया, ग्राम चुकुम के विस्थापन, नया झिरना, लालढांग आदि ग्रामों के सर्वेक्षण की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की मंशा एवं जनहित की भावना के अनुरूप सभी प्रक्रियाओं में तेजी लाने का अनुरोध किया।

# नेशनल हाईवे 74 पर कार ई–रिक्शा की जोरदार भिड़ंत

काशीपुर। केलाखेड़ा में नेशनल हाईवे 74 पर रविवार को तेज रफ्तार कार ने ई–रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में महिला और बच्चों समेत 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकारी अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बार सभी हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। गांव बाजावाला केलाखेड़ा निवासी ई–रिक्शा चालक 18 वर्षीय लवजीत सिंह पुत्र मलकीत सिंह, 50 वर्षीय बलजीत कौर पत्नी बगीचा सिंह, 26 वर्षीय परमजीत कौर पुत्री गुरमीत सिंह, सीमा कौर पत्नी तरन सिंह, 12 वर्षीय कोमल कौर पुत्री तरन सिंह और 11 वर्षीय मनिंदर सिंह पुत्र तरन सिंह रविवार को ई–रिक्शा से गांव फसियापुर स्थित गुरुद्वारा साहिब जा रहे थे। बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे पर मसीत के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने ई–रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ई–रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में लवजीत सिंह, बलजीत कौर, परमजीत कौर, सीमा कौर, कोमल कौर और मनिंदर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि सीमा कौर का 6 वर्षीय बेटा ज्योत सिंह बाल–बाल बच गया।

